Seat No. : _______________

# LI-101-H

**April-2014**

## B. Com Semester-VI

## CE-304 : (A) : Advanced Account and Auditing - II

**Time : 3 Hours]** **[Max. Marks : 70**

**(Hindi Version)**

**सूचना** : (1) दाहिनी ओर के अंक प्रश्न के गुण दर्शाते हैं ।
(2) प्रत्येक प्रश्न का मुद्दासर उत्तर दीजिये ।

1. (A) धारा 208 के अन्तर्गत पूँजी में से ब्याज भुगतान करने संबंधी 1956 के कम्पनी कानून के प्रावधान बताइये । **7**

**अथवा**

शेयर जप्ती संबंधी अंकेक्षक के कर्त्तव्यों का वर्णन कीजिये ।

(B) संक्षिप्त टिप्पणियाँ लिखिये : (कोई **दो**) **4**

(i) नया अंकेक्षण प्रारंभ करते समय ध्यान में रखने वाले मुद्दे ।

(ii) अन्तरिम लाभांश

(iii) प्रीमियम से शेयर जारी करने पर अंकेक्षक के कर्त्तव्य

(C) एक अंकेक्षक के रूप में अपना अभिप्राय दीजिये : (कोई **तीन**) **3**

(i) कम्पनी भुगतान नहीं किया गया लाभांश लाभ-हानि खाते में ले जाना चाहती है ।

(ii) ₹ 15,000 के वाउचर पर एक सहकारी समिति द्वारा रेवन्यू स्टेम्प नहीं लगाया गया है ।

(iii) कम्पनी विज्ञापन अभियान खर्च को एक ही वर्ष में अपलिखित करना चाहती है ।

(iv) कम्पनी इक्विटी शेयर पर 2.75% अभिगोपन कमीशन देकर शेयर जारी करना चाहती है ।

2. (A) अंकेक्षक की रिपोर्ट का महत्त्व समझाइये । **7**

**अथवा**

अंकेक्षण रिपोर्ट और अंकेक्षण प्रमाणपत्र के बीच अंतर बताइये ।

(B) संक्षिप्त टिप्पणियाँ लिखिये : (कोई **दो**) **4**

(i) एक अच्छी अंकेक्षण रिपोर्ट के लक्षण बताइये ।

(ii) सत्य और उचित (True and fair) की धारणा

(iii) दोषसहित अंकेक्षण रिपोर्ट का नमूना

(C) संक्षेप में उत्तर दीजिये : (कोई **तीन**) **3**

(i) कम्पनी अंकेक्षक को अपनी रिपोर्ट किस कानून के अन्तर्गत तैयार करनी चाहिए ?

(ii) अंकेक्षक का प्रमाणपत्र किस पक्ष को सम्बोधित करके दिया जाता है ?

(iii) अंकेक्षक ने यदि दोषवाली रिपोर्ट दी हो तो निर्देशक मण्डल को क्या करना चाहिए ?

(iv) अंकेक्षण रिपोर्ट में कौनसी तारीख का उल्लेख किया जाता है ?

3. (A) रामलीला कम्पनी लि. की निम्नलिखित जानकारी पर से वर्ष 2013-14 का वितरणपात्र लाभ निश्चित कीजिये : **7**

| **वर्ष** | **घिसाई पहले का लाभ या नुकसान (₹)** | **कम्पनी कानून अनुसार घिसाई (₹)** | **असमाविष्ट घिसाई (₹)** |
|---|---|---|---|
| 2011-12 | – 90,000 | 30,000 | 7,500 |
| 2012-13 | + 30,000 | 45,000 | 12,000 |
| 2013-14 | + 3,15,000 | 75,000 | – |

**अथवा**

वितरणपात्र लाभ संबंधी कम्पनी अंकेक्षक के कर्त्तव्यों को समझाइये ।

(B) संक्षिप्त टिप्पणियाँ लिखिये : (कोई **दो**) **4**

(i) वितरणपात्र लाभ को प्रभावित करने वाले परिबलों की चर्चा कीजिये ।

(ii) लाभांश वितरण संबंधी कम्पनी कानून के प्रावधान बताइये ।

(iii) पूँजी हानि (Capital loss)

(C) संक्षेप में उत्तर दीजिये : (कोई **तीन**) **3**

(i) जो लाभ कानूनानुसार शेयरधारकों के बीच लाभांश के रूप में बाँटा जा सके, उस लाभ को क्या कहते हैं ?

(ii) पूँजी में से ब्याज भुगतान करने की अधिक से अधिक दर क्या हो सकती है ?

(iii) शेयरों पर अभिगोपन कमीशन की महत्तम दर क्या है ?

(iv) लाभांश घोषित करने के पश्चात् कितने समय में डिविडन्ड वारन्ट सदस्यों को पोस्ट कर देने चाहिए ।

4. (A) व्यवसाय में छल-कपट हुआ हो तब आप अंकेक्षक के रूप में क्या अन्वेषण कार्यवाही करेंगे ? **7**

**अथवा**

एक बैंक का अंकेक्षण कार्यक्रम तैयार कीजिये ।

(B) निम्नलिखित का अन्वेषण किस प्रकार से करेंगे ? **4**

सतत लाभ घटने वाली पेढ़ी का अन्वेषण या लोन स्वीकृत करने वाली बैंक द्वारा अन्वेषण ।

**अथवा**

अंकेक्षण कार्यक्रम तैयार करते समय कौन से मुद्दों को ध्यान में रखना चाहिए ।

(C) संक्षेप में उत्तर दीजिये : (कोई **दो**) **2**

(i) व्यवसाय में छल-कपट की शंका हो तब अन्वेषण में निर्देशकों की योग्यताएँ क्या होनी चाहिए ?

(ii) सकल लाभ में महत्त्वपूर्ण वृद्धि किन कारणों से होती है ?

(iii) अंकेक्षण कार्यक्रम तैयार करने से पूर्व प्रतिस्पर्धी द्वारा अपनायी गयी हिसाबी पद्धति संबंधी जानकारी प्राप्त करनी पड़ती है । क्या यह सही है ?

(iv) अंकेक्षण कार्यक्रम तैयार करने से पहले संस्था का संविधान और नियम देख लेना पड़ता है ।

5. बहु विकल्पी प्रश्नों के सही उत्तर ढूंढकर लिखिये : **15**

(1) कम्पनी के पार्षद् सीमानियम (M/A) में निम्नलिखित में से कौन-सी कलम का समावेश नहीं होता ?

(a) कम्पनी के नाम की कलम

(b) कम्पनी के रजिस्टर्ड कार्यालय का पता

(c) शेयरधारकों के अधिकार

(d) सदस्यों के दायित्व की कलम

(2) कम्पनी का अंकेक्षक अपनी रिपोर्ट निम्नलिखित में से किस पक्षकार को संबोधित करके लिखता है ?

(a) कम्पनी सचिव

(b) केन्द्रीय सरकार

(c) कम्पनी के शेयरधारक

(d) कम्पनी का निदेशक मण्डल

(3) एक कम्पनी का चालू वर्ष का लाभ ₹ 6,00,000 है । यदि कम्पनी शेयर पूँजी 13.5% की दर से लाभांश वितरित करना चाहे तो कम्पनी कानूनानुसार सामान्य अनामत खाते कितनी रकम ले जायी जायेगी ?

(a) ₹ 60,000 (b) ₹ 1,00,000

(c) ₹ 30,000 (d) ₹ 45,000

(4) वितरणपात्र लाभ के संबंध में निम्नलिखित में से कौनसा विधान सही नहीं है ?

(a) स्थायी सम्पत्तियों पर घिसाई का प्रावधान किये बिना लाभांश घोषित नहीं कर सकते ।

(b) अन्तरिम लाभांश संचालक मण्डल घोषित कर सकता ।

(c) समामेलन के पूर्व लाभ में से लाभांश घोषित नहीं किया जा सकता ।

(d) संचालक मंडल द्वारा घोषित लाभांश की दर में वृद्धि करने की सत्ता सामान्य सभा में सदस्यों को है ।

(5) निम्नलिखित विधानों में से कौन सा विधान सही है ?

(a) भारत के कम्पनी अधिनियम, 1956 के अन्तर्गत अन्वेषण जरूरी है ।

(b) अन्वेषण हमेशा SEBI द्वारा निर्गमित सूचनाओं अनुसार ही करना होता है ।

(c) अन्वेषण किसी विशिष्ट उद्देश्य के लिए हिसाबों की जाँच है ।

(d) अंकेक्षण रिपोर्ट में अन्वेषण का ब्योरा शामिल करना जरूरी है ।

(6) अंकेक्षण कार्यक्रम तैयार करने से पहले निम्नलिखित में से कौन सी बाबत प्राप्त करना जरूरी नहीं ?

(a) आन्तरिक नियन्त्रण पद्धति

(b) पूर्व अंकेक्षक की रिपोर्ट

(c) प्रतिस्पर्धियों द्वारा अपनायी गयी हिसाबी पद्धति

(d) धंधा या संस्था की तकनीकी बाबतें

(7) निम्नलिखित में से किस परिस्थिति में दोषवाली रिपोर्ट दी जा सकती है ?

(a) कम्पनी ने कम्पनी कानून अनुसार हिसाबी पुस्तकें रखीं हों ।

(b) लाभ-हानि खाता और आर्थिक चिट्ठा कानून अनुसार बनाया हो ।

(c) कम्पनी कानून के प्रावधानों का उल्लंघन हो ।

(d) अंकेक्षण के स्वीकृत मानकों का पालन हो ।

(8) जिसमें छल-कपट की शंका हो ऐसे के अन्वेषण में निम्नलिखित में से कौनसी बाबत ध्यान में नहीं ली जाती ?

(a) किस प्रकार के कपट की शंका है ।

(b) कितनी अवधि के लिए अन्वेषण करना है ।

(c) कम्पनी के संचालकों की योग्यता

(d) रोकड़ गबन की जाँच करना

(9) भुगतान नहीं किया गया लाभांश, घोषणा करने के कितने दिन बाद विशेष भुगतान नहीं किया लाभांश खाते में जमा करा देना चाहिए ?

(a) 60 दिन (b) 42 दिन

(c) 30 दिन (d) 40 दिन

(10) शेयर बट्टा से प्रकाशित करने संबंधी कानूनी प्रावधानों में से निम्नलिखित में से कौन सा प्रावधान कानून में नहीं है ?

(a) बट्टे की अधिकतम दर 10% हो सकती है ।

(b) कम्पनी की सामान्य सभा में शेयर बट्टा से प्रकाशित करने का प्रस्ताव पास होना चाहिए ।

(c) इस संबंध में कम्पनी ला बोर्ड की (CLB) स्वीकृति प्राप्त होनी चाहिए ।

(d) कम्पनी को धंधा प्रारंभ करने का प्रमाणपत्र मिले कम से कम एक वर्ष हो जाना चाहिए ।